आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 30.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 15वें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान शुरू की गई राज्य–प्रान्त साझेदारी पहल दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन, कौशल, सुरक्षा और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देगी। टोक्यो में 16 प्रान्तों के राज्यपालों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत–जापान के समकालीन संबंध लगातार बढ़ रहे हैं। अब समय आ गया है कि सीमित राज्य–प्रान्त संबंधों को नए सिरे से बढ़ावा दिया जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यपालों और भारतीय राज्य सरकारों से इस नई पहल का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, नवाचार, गतिशीलता, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढाँचे, स्टार्ट–अप और एसएमई के क्षेत्र में साझेदारी बनाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आज ही चीन पंहुचेंगे। यह सम्मेलन वैश्विक प्रशासन में नए मानकों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और सदस्य राष्ट्रों में क्षेत्रीय सुरक्षा, संपर्क, सतत विकास और एकजुटता बढाने पर केंद्रित होगा।

0000

प्रधानमंत्री कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। रविवार सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये 125वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी ये कार्यक्रम उपलब्ध रहेगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

000

अजमेर के केकडी के सरकारी अस्पताल में वन स्टॉप सेंटर सखी केन्द्र की कल से शुरूआत हुई। इस केन्द्र का उद्देश्य हिंसा से पीड़ित और बेसहारा महिलाओं को चिकित्सकीय और मनोवैज्ञानिक राहत पंहुचाना है।

0000

सवाईमाधापुर जिले में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत 1 हजार 83 वरिष्ठ नागरिकों का चयन किया गया है। इसके लिए आज जिला कलेक्टर कानाराम की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गई। इसमें 967 वरिष्ठ जन रेल यात्रा तथा 116 हवाई यात्रा के लिए चयनित किए गए हैं। रेल यात्राओं में हरिद्वार, ऋषिकेश, अयोध्या, वाराणसी, सारनाथ, मथुरा, वृंदावन, बरसाना और आगरा की यात्रा करवाई जाएगी। वहीं हवाई यात्रा से नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन करने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि इस बार 2 हजार 696 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए थे।

00000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हुई। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी बरसात दर्ज की गई। सबसे अधिक 8 सेंटीमीटर पानी चित्तौडगढ के भदेसर में बरसा। निम्बाहेडा, मावली, में 7–7, देसूरी, बाली, कोलायत, नारायणा और मालपुरा में 6–6 तथा भीलवाडा, मौजमाबाद और कणवा में 5–5 सेंटीमीटर बरसात हुई। मौसम विभाग ने आज बाडमेर, जालौर और सिरोही जिले तथा आस–पास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात होने की संभावना व्यक्त की है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं एक–दो दौर भारी बरसात हो सकती है। वहीं 21 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। इस बीच आज बालोतरा के पचपदरा, सिवाना और समदडी में कभी हल्की तो कभी तेज बरसात का दौर जारी है। पाली में हो रही लगातार बारिश से कुलथाना गांव के पास सुकडी नदी की रपट पर एक दो फीट की चादर चल रही है। इससे

रोहट जालौर रास्ता बंद हो गया है। हनुमानगढ में सुबह से ही रूक–रूक कर हल्की बरसात हो रही है। उधर शिवालिक की पहाडियों में तेज बरसात से घग्घर नदी में पानी का स्तर बढ गया है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और कार्मिकों के पहले से स्वीकृत अवकाश निरस्त कर दिये है।

0000

जैसलमेर के रामदेवरा में चल रहा बाबा रामदेव मेला परवान पर है। मेले में बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए है। वहीं राणी भटियाणी के जन्मोत्सव पर आज बालोतरा के जसोल धाम में मेला भर रहा है। मेले में हजारो श्रद्धालु पैदल जत्थों में जसोल धाम पंहुच रहे है।

0000

प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उन तक पहुंचाने के लिए अब सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। इसके लिए राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्–राजीविका की ओर से एक उच्चस्तरीय बैठक रखी गई। बैठक में राजीविका की मिशन निदेशक, नेहा गिरी ने सभी विभागों को मिलकर काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों की संरचना और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी विभागों ने अपनी महिला–केंद्रित योजनाओं को राजीविका के एसएचजी नेटवर्क के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ने पर सहमति जताई।

0000